# समाचार
## स्वच्छ भारत मिशन
## निगम के केन्द्रीय भण्डारगृह में किया गया सफाई कार्य



कोरबा 09 मार्च 2016 –स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 01 मार्च से 15 मार्च तक संचालित हो रहे आठवे चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज निगम के केन्द्रीय भण्डारगृह में अधिकारी कर्मचारियों द्वारा विशेष साफ–सफाई का कार्य संपादित किया गया।

यहां उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नवम्बर 2015 से पृथक–पृथक विषयों पर आधारित स्वच्छता पखवाडों का आयोजन कोरबा जिले के नगरीय निकायों में कलेक्टर श्री पी. दयानंद के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्रदेश के अन्य निकायों के साथ–साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन में यह स्वच्छता पखवाड़े आयोजित किए जा रहे हैं। सात चरण के स्वच्छता पखवाडों के सफलतापूर्वक आयोजन के पश्चात आठवे चरण का स्वच्छता पखवाड़ा '' शासकीय कार्यालयों, भवनों एवं अन्य सार्वजनिक संस्थानों '' विषय पर 01 मार्च से 15 मार्च 2016 तक संचालित किया जा रहा है। इस पखवाड़े के तहत आज निगम के केन्द्रीय भण्डारगृह में अधिकारी कर्मचारियों ने एकजुट होकर विशेष साफ–सफाई कार्यो का संपादन किया। इस मौके पर निगम के सहायक अभियंता भूषण उरांव, देवेन्द्र सिंह बघेल, प्रकाश शुक्ला, सेवन राठौर, मोहनलाल महिलांगे, महावीर राठौर, उत्तम कुर्रे आदि सहित जोन के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने साफ–सफाई कार्यो का संपादन कराया।

**10 मार्च को दर्री जोन कार्यालय में होगा कार्य**–आठवे चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत 10 मार्च को दर्री जोन कार्यालय, 11 मार्च को कलेक्टर कार्यालय कोरबा, 14 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं 15 मार्च को निगम की कर्मशाला में विशेष सफाई अभियान संचालित किया जाएगा।